तत्काल

संख्या-129/884(1)/84-1-13-15बामा/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 17 दिसम्बर, 2013

विषय- श्री शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, बदायूँ के लीवर प्रत्यारोपण हेतु अग्रिम धनराशि स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के समसंख्यक पत्र दिनॉक 23 अक्टूबर, 2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रकरण में श्री शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ नि

रीक्षक, विधिक माप विज्ञान, बदायूँ के लीवर प्रत्यारोपण हेतु अग्रिम धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु यकृत एवं आंत्र विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के बिल बाउचर दिनॉक 1-12-2012 को मूलरूप में संलग्न कर वापस भेजते हुए व्यय आगणन संबंधित संस्थान के प्रभारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर शासन को तत्काल उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो अभी तक शासन में अप्राप्त है। अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में वांछित व्यय आगणन उपरोक्तानुसार प्रतिहस्ताक्षरित कराकर शासन को विलम्बतम **एक सप्ताह के अन्दर** अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि श्री त्रिपाठी, वरिष्ठ निरीक्षक के लीवर प्रत्यारोपण हेतु अग्रिम धनराशि स्वीकृत किये जाने पर विचार किया जा सके।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in